# राज्यपाल कल आएंगे बीकानेर, दीक्षांत समारोह में होंगे मुख्य अतिथि

बीकानेर @ पत्रिका. राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार सुबह 11.15 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा यहां से प्रस्थान कर स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस



आएंगे। राज्यपाल मिश्र दोपहर 12 बजे विवि परिसर स्थित विद्या मंडप में आयोजित विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे नाल एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

दैनिक भास्कर बीकानेर 10-06-2024



कृषि विश्वविद्यालय • 20वां दीक्षांत समारोह कल, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि, कृषि मंत्री भी आएंगे

# पहली बार स्नातक को मिलेगा कुलाधिपति स्वर्ण पदक यूजी-पीजी के 1569 अभ्यर्थियों को मिलेंगी डिग्रियां

सिटी रिपोर्टर | बीकानेर

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 20 वां दीक्षांत समारोह 11 जून को विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडल सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र होंगे। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा तथा स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.बीआर छीपा एवं दीक्षांत अतिथि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति व कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो.राम बदन सिंह होंगे। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि संकाय व सामुदायिक विज्ञान संकाय के स्नातक ( यूजी) 2022-23 एवं आईएबीएम, कृषि संकाय व सामुदायिक विज्ञान संकाय के स्नातकोत्तर (पीजी) व विद्या-वाचस्पति (पीएचडी) के 1 जुलाई 2022 से 31 दिसंबर 2023 तक पास हुए कुल 1569 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएंगी।

उनमें से 1245 छात्र और 324 छात्राएं शामिल हैं। कुल 1569 विद्यार्थियों में से स्नातक के 1346, स्नातकोत्तर के 194 और विद्यावाचस्पति के 29 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।

## 20 छात्रों को स्वर्ण पदक और 3 को कुलाधिपति पदक

समारोह में 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 3 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 20 विद्यार्थियों में से स्नातक के 2, स्नातकोत्तर के 17 और विद्यावाचस्पति का 1 विद्यार्थी शामिल है। खास बात ये कि पहली बार विद्यावाचस्पति विद्यार्थी को भी स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार पहली बार स्नातक विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा।

## कृषि ज्ञान रथ को दिखाएंगे हरी झण्डी

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि राज्यपाल विश्वविद्यालय परिसर में विद्या मंडप के पास नवनिर्मित संविधान पार्क, कृषि महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ एम.एस.स्वामीनाथन छात्रावास, उच्च जलाशय का लोकार्पण करेंगे। साथ ही कृषि ज्ञान रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे।इसके अलावा राज्यपाल कृषि विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों 'कृषि व्यवसाय- प्रबंधकीय परिप्रेक्ष्य में' व 'बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सिद्धांतों पर पाठ्य पुस्तक' का विमोचन करेंगे। समारोह में राज्यपाल द्वारा प्रो.आर.बी.सिंह व प्रो.बी.आर.छीपा को डॉक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की जाएगी।

*दीक्षांत समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है। विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में कुल 1569 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी।*

-डॉ. अरुण कुमार, कुलपति, कृषि विवि

## मंगलवार को आएंगे राज्यपाल मिश्र, यह रहेगा कार्यक्रम

राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार सुबह 11:15 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा यहां से प्रस्थान कर स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस आएंगे। राज्यपाल मिश्र दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडप में आयोजित विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। दोपहर 3 बजे एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

# एसकेआरएयू: अब विद्यार्थी 10 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**बीकानेर @ पत्रिका.** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (एसकेआरएयू) के तहत आने वाले कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान ( आईएबीएम) से एमबीए (2024-26 बैच) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून तक बढ़ा दी गई है। वहीं ऑफलाइन फॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 20 जून कर दी है।

आईएबीएम निदेशक डॉ. आई.पी.सिंह ने यह जानकारी दी। डॉ. आई.पी.सिंह ने बताया कि संस्थान के एमबीए पाठ्यक्रम में कृषि या संबंधित विषयों में स्नातक या अंतिम वर्ष का विद्यार्थी जिसके पास किसी भी राष्ट्रीय प्रबंधन परीक्षा ( कैट, मैट, सी-मैट, जैट आदि) का स्कोर कार्ड अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने का प्रमाण हो, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकता है।

# एसकेआरएयू : एमबीए में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई

■ लोकमत संवाद, बीकानेर

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान से एमबीए (2024-26 बैच) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून तक बढ़ा दी गई है। वहीं ऑफलाइन फॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 20 जून कर दी है। आईएबीएम निदेशक डॉ आई.पी.सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों की मांग के चलते कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान से एग्री बिजनेस मैनेजमेंट में एमबीए करने हेतु फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को बढ़ाया है। डॉ आई.पी.सिंह ने बताया कि संस्थान के एमबीए पाठ्यक्रम में कृषि या संबंधित विषयों में स्नातक या अंतिम वर्ष का विद्यार्थी जिसके पास किसी भी राष्ट्रीय प्रबंधन परीक्षा स्कोर कार्ड अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने का प्रमाण हो, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकता है। प्रवेश संबंधित और अधिक जानकारी संस्थान की अधिकारिक व ` ब स ा इ ट www.iabmbikaner.org या विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.raubikaner.org से प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश की जानकारी के लिए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित आईएबीएम में कार्यालय समय में आकर अथवा दूरभाष नंबर 0151- 2252981 पर कॉल करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# एसकेआरएयू : एमबीए में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई

**बीकानेर, 28 मई।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान (आईएबीएम) से एमबीए (2024-26 बैच) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून तक बढ़ा दी है। वहीं ऑफलाइन फॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 20 जून की है। आईएबीएम निदेशक डॉ आई.पी. सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों की मांग के चलते कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान (आईएबीएम) से एग्री बिजनेस मैनेजमेंट में एमबीए करने हेतु फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को बढ़ाया है। सिंह ने बताया कि संस्थान के एमबीए पाठ्यक्रम में कृषि या संबंधित विषयों में स्नातक या अंतिम वर्ष का विद्यार्थी जिसके पास किसी भी राष्ट्रीय प्रबंधन परीक्षा (कैट, मैट, सी-मैट, जैट) का स्कोर कार्ड अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने का प्रमाण हो, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकता है। प्रवेश संबंधित और अधिक जानकारी संस्थान की अधिकारिक वेबसाइट या विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश की जानकारी के लिए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित आईएबीएम में कार्यालय समय में आकर अथवा दूरभाष नंबर 0151-2252981 पर कॉल करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# एसकेआरएयू एमबीए में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई

बीकानेर (निष्पक्ष कलम) । स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान ( आईएबीएम) से एमबीए (2024-26 बैच) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून तक बढ़ा दी गई है। वहीं ऑफलाइन फॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 20 जून की गई है।

आईएबीएम निदेशक डॉ आई.पी.सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों की मांग के चलते कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान ( आईएबीएम) से एग्री बिजनेस मैनेजमेंट में एमबीए करने हेतु फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को बढ़ाया है।

डॉ आई.पी.सिंह ने बताया कि संस्थान के एमबीए पाठ्यक्रम में कृषि या संबंधित विषयों में स्नातक या अंतिम वर्ष का विद्यार्थी जिसके पास किसी भी राष्ट्रीय प्रबंधन परीक्षा ( कैट, मैट, सी-मैट, जैट आदि) का स्कोर कार्ड अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने का प्रमाण हो, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकता है। प्रवेश संबंधित और अधिक जानकारी संस्थान की अधिकारिक वेबसाइट www.iabmbikaner.org या विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.raubikaner.org से प्राप्त की जा सकती है।

प्रवेश की जानकारी के लिए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित आईएबीएम में कार्यालय समय में आकर अथवा दूरभाष नंबर 0151- 2252981 पर कॉल करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

प्रेस नोट

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (एसकेआरएयू), बीकानेर

Date-28.05.2024

एसकेआरएयू: एमबीए में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई

बीकानेर, 28 मई। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान ( आईएबीएम) से एमबीए (2024-26 बैच) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून तक बढ़ा दी गई है। वही ऑफलाइन फॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 20 जून कर दी है। आईएबीएम निदेशक डॉ आई.पी.सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों की मांग के चलते कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान ( आईएबीएम) से एग्री बिजनेस मैनेजमेंट में एमबीए करने हेतु फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को बढ़ाया है।

डॉ आई.पी.सिंह ने बताया कि संस्थान के एमबीए पाठ्यक्रम में कृषि या संबंधित विषयों में स्नातक या अंतिम वर्ष का विद्यार्थी जिसके पास किसी भी राष्ट्रीय प्रबंधन परीक्षा ( कैट, मैट, सी-मैट, जैट आदि) का स्कोर कार्ड अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने का प्रमाण हो, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकता है। प्रवेश संबंधित और अधिक जानकारी संस्थान की अधिकारिक वेबसाइट www.iabmbikaner.org या विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.raubikaner.org से प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश की जानकारी के लिए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित आईएबीएम में कार्यालय समय में आकर अथवा दूरभाष नंबर 0151- 2252981 पर कॉल करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।